

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

मंगलवार 07 जुलाई 2026 वर्ष 02 अंक 176 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

लोग चाहते हैं कि मैं बेहतर करूं, लेकिन वो कभी नहीं चाहते कि मैं उनसे बेहतर करूं। हार तो वो सबक है, जो आपको बेहतर होने का मौका देगी।

## बिपार्ड, पटना को तीसरी बार मिला ISO 9001:2015 प्रमाण–पत्र, प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाने के निर्देश



**केशववाणी पटना(बिहार)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में सोमवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड), पटना को तीसरी बार आईएसओ 9001:2015 गुणवत्ता प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बिपार्ड, पटना और गया की प्रशिक्षण क्षमता का और विस्तार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने में बिपार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिपार्ड बिहार के प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर सुशासन को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। संस्थान में पूरे वर्ष नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और 365 दिनों तक प्रशिक्षण की व्यवस्था संचालित रहती है।उन्होंने बताया कि बिपार्ड, गया तथा सामान्य प्रशासन विभाग को पहले ही आईएसओ प्रमाण–पत्र प्राप्त हो चुका है। बिपार्ड, पटना को तीसरी बार यह प्रमाण–पत्र मिलना बिहार में गुणवत्ता आधारित प्रशासनिक प्रशिक्षण और उत्कृष्ट सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## बिहारशरीफ स्टेशन पर टिकट जांच अभियान, 209 बेटिकट यात्री पकड़े गए; ₹1.29 लाख से अधिक जुर्माना वसूला



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल ने सोमवार को पटना. राजगीर रेलखंड पर बिना टिकट और अनियमित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ विशेष टिकट जांच अभियान चलाया। बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की संयुक्त टीम ने सघन जांच के दौरान 209 यात्रियों को बेटिकट अथवा अनियमित टिकट के साथ यात्रा करते हुए पकड़ा। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दानापुर के निर्देशन में विशेष टिकट जांच स्पेशल ट्रेन 'लाल गाड़ी' के माध्यम से अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेन संख्या 13234, 63365, 12391, 13354, 63368 और 12392 में यात्रियों के टिकटों की गहन जांच की गई। जांच अभियान के दौरान पकड़े गए 209 यात्रियों से कुल 1,29,525 रुपये का जुर्माना वसूला गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल रेलवे राजस्व की सुरक्षा करना नहीं, बल्कि यात्रियों को वैध टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने बताया कि अभियान के बाद पटना–राजगीर रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर टिकट खरीदने वाले यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।दानापुर मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट या अधिकृत यात्रा प्राधिकार के साथ ही यात्रा करें। बिना टिकट यात्रा करने पर रेलवे अधिनियम के तहत जुर्माना सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। मंडल प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सु. विधा, सुरक्षा और रेलवे राजस्व के संरक्षण के लिए भविष्य में भी इस तरह के विशेष टिकट जांच अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

## भाजपा जिला कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनाई गई



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नालंदा जिला इकाई की ओर से सोमवार को जिला कार्यालय, मेहनौर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर शिक्षाविद एवं महान राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने की। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र सेवा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि 6 जुलाई का दिन राष्ट्रवाद और निःस्वार्थ सेवा के आदर्शों में विश्वास रखने वाले करोड़ों देशवासियों के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि नालंदा जिले के सभी मंडलों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई जा रही है। उनका जीवन साहस, राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है।उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक सशक्त और अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर उनके सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि आज देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है और डॉ. मुखर्जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके आदर्शों के अनुरूप राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष नीरज कुमार डब्ल्यू, डॉ. आशुतोष कुमार, जिला मंत्री अमरेश कुमार, धीरज पाठक, अमर राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदा. धिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसडीपीओ ने थानाध्यक्षों के संग किया मासिक बैठक



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** तेलमर थाना परिसर में स्थित बिहारशरीफ सदर एसडीपीओ–2 कार्यालय में सभी नौ थानाध्यक्षों के संग सोमवार को मासिक बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीपीओ–2 संजय कुमार जायसवाल ने किया। इस दौरान एसडीपीओ ने बारी–बारी से थानों के लंबित कांडों, यूडी से संबंधित लंबित कांडों, पूर्व से तथा विगत माह तक के सभी प्रकार के लंबित व प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा करने के पश्चात उसके त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रभारियों को नियमित रूप से दिवा, संध्या और रात्रि गश्ती करने का निर्देश दिया।एसडीपीओ ने उपस्थित सभी थाना प्रभारियों को आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उसके त्वरित निष्पादन करने तथा पुलिस–पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। साथ ही सूचना तंत्र को एवं थाना क्षेत्र के चौकीदारों को अपने–अपने क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने का निर्देश देने की बात कही। मासिक अपराध गोष्ठी में किसी भी प्रकार के निर्दोष पर कार्रवाई न करने का निर्देश दिया गया।कहां अपने स्तर से दर्ज एफआईआर के आधार पर अनुसंधान करके दोषी पर करवाई करें। जान ले कि नामजद आरोपी इस घटना में शामिल था कि नहीं। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को लगातार गश्ती करने, बाजार सहित विभिन्न भीड़ वाले जगहों में लगातार गश्ती करने का निर्देश दिया।इस दौरान नूरसराय सर्किल इंस्पेक्टर मनीष भारद्वाज के आलावा तेलमर थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार, हरनौत थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा, कल्याण बिगहा थानाध्यक्ष निशा भारती, गोखुलपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, नूरसराय थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, वेना थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, रहूई थानाध्यक्ष ललित विजय, भागन बिगहा थानाध्यक्ष को राज कुमार चौधरी, चेरो ओपी रौशन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।




# पैगाम–ए–इंसाफ कार्यक्रम में गरजे सलीम साहिल, बोले–अल्पसंख्यकों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है लोजपा (रा) की पार्टी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की ओर से सोमवार को बिहारशरीफ के बड़ी दरगाह स्थित एक होटल के सभागार में रामविलास पासवान पैगाम–ए–इंसाफ कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ता समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा, आगामी राजनी. तिक रणनीति, अल्पसंख्यक समाज के बीच जनसंपर्क अभियान को गति देने तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबो. धित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सलीम साहिल ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सभी वर्गों के सम्मान, समान अधिकार और विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि पार्टी अल्पसंख्यक समाज के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय रामविलास पासवान की सामाजिक न्याय और समावेशी राजनीति की विचारध. ारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।




बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को लेकर भी विचार–विमर्श किया गया। इस अवसर पर बड़ी दरगाह वार्ड संख्या–45 के पार्षद प्रतिनिधि तसव्वर हसन उर्फ बम्मी अजहर, शहवाज, रिंकू खान, युनुस, राजू सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# रोजना हो रहा हजारों लीटर गंगा जल की बर्बादी, सड़क पर बह रहा पानी



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** पर्यटक नगरी राजगीर में इन दिनों गंगा जल काफी बर्बाद हो रहा है। शहर के बिहारशरीफ मुख्य मार्ग में नालंदा रेजेन्सी होटल के पास पाइप फटे होने या फिर लीक होने के कारण रोजना हजारों लीटर पानी बर्बाद होकर सड़क पर बहता रहता है। हालांकि इसी रोड से जिला से लेकर अनुमंडल के पदाधिकारी आते–जाते हैं पर इस ओर किन्हीं का कोई ध्यान नहीं है। वहां पर सड़क पर किनारे में पानी लगातार बहने के कारण कीचड़मय हो गया है। लोगों को आवाजाही में परेशानी होती है। लोगों ने कहा कि एक तरफ कई मोहल्ले में गंगा जल का पानी नहीं पहुंच पाता है वहीं प्रशासन व विभाग की अनदेखी के कारण हज. ारों लीटर पानी ऐसे ही बर्बाद हो रहा है। पंचवटी नगर में तो कई घरों में अब तक गंगा जल का पानी का कनेक्शन हीं नहीं दिया गया है। वहीं जिन घरों में है भी वहां पर इतना कम गिरता है कि लोगों को पीने के लिए भी कम पड़ जाता है। इस तपती गर्मी में पानी का नहीं पहुंच पाना और बर्बाद होना काफी असहनीय है। लोगों ने जिला के वरीय पदाधिकारियों व पीएचईडी से मांग की है कि इस तरह से पानी की बर्बादी पर पाबंदी लगायी जाय।






# रोटरी क्लब राजगीर का 21वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना अध्यक्ष डॉ. अमित गुप्ता तो सचिव अनुराग दूबे हुए चयनित




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता,राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** रोटरी इंटरनेशनल राजगीर इकाई के रोटरी क्लब ऑफ राजगीर का 21वां स्थ. ापना दिवस इंडो होक्के होटल में धूमधाम से मनाया गया। इसमें शेखपुरा, नवादा और नालंदा के विभिन्न रोटरी क्लब और इनर व्हील क्लब के सदस्य शामिल हुए। रोटरी के नये सत्र के लिए पुराने अध्यक्ष रोटेरियन राजेश कुमार पप्पु ने नव नियुक्त अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अमित गुप्ता को पदभार सौंपा। उसी तरह सचिव की जिम्मेवारी रो. अनुराग दूबे को दी गई। नये सत्र में सदस्यों की संख्या बढ़ाने, समाज के हर तबके के लिए सुविधा मुहैया कराने, महिलाओं के लिए सिलाई सेंटर स्थापित करने, शहर के सौंदर्यकरण और साफ सफाई पर काम करने, शहर को एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने तथा समाज के हित में कार्य करने की घोषणा की। निवर्त्तमान अध्यक्ष रो. राजेश कुमार पप्पु ने कहा कि कार्यक्रमों में लोगों का उन्हें साथ मिला। वहीं इस दौरान रोटेरियन कैलाश नाथ झा, रोटेरियन डॉ. बिमलेन्द्र कुमार सिन्हा, रो. राजेश नंदन, डॉ. जितेंद्र दीपक को क्रमशः शक्ति स्तंभ अवार्ड, पब्लिक इमेज अवॉर्ड, सिग्नीफिकेंट अवॉर्ड, प्रोजेक्ट एंड सर्विस अवॉर्ड से नवाजा गया। मुख्य अतिथि बिहार एवं झारखंड के चयनित आगामी रोटरी जिला पाल रोटेरियन डॉ. अजय कुमार ने रोटरी के मूल्यों के साथ रोटरी को आगे बढ़ाने हेतु हमेशा तत्पर रहने की अपील की। उन्होंने कहा की राजगीर एक अंतर्राष्ट्रीय शहर है इसलिए रोटरी द्वारा कुछ बड़े स्तर का कार्य करने के लिए मैं उत्सुक हूं। अन्य रोटरी क्लबों और रोटरी इंटरनेशनल के सहयोग से इस दिशा में जल्द ही पहले होंगे। सहायक जिला पाल रोटेरियन जोसेफ टी.टी. ने कहा कि बेहतर तालमेल के साथ सभी कार्य करें। बेहतर समाज का सपना साकार हो। इसके साथ ही रोटरी क्लब में समर्पित लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने के लिए सामाजिक कार्यक्रम का दायरा बढ़ाने की सभी से अपील भी की। कार्यक्रम में रोटरी क्लब राजगीर के राजेश नंदन, राजेश रंजन, कैलाश नाथ झा, डॉ. बिमलेन्द्र कुमार सिन्हा, रोटेरियन रामकृष्णा प्रसाद, प्रदुमन कुमार, शांतनु दीपक, डॉ. निशा गुप्ता, अंजना सहगल, गिरिजा नंदन पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# धमासंग गांव के पास 3 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से बने नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का हुआ उद्घाटन

## अब पंचायतवासियों को मिलेगी एक ही छत के नीचे सरकारी सेवाएं




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट रहूई(नालंदा)।** रहूई प्रखंड क्षेत्र के पतासंग पंचायत के लोगों के लिए बड़ी सौगात मिली है। स्टेट हाईवे–78 के किनारे धमासंग गांव के समीप लगभग 3 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक पंचायत सरकार भवन का विधिवत उद्घाटन सोमवार को पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि लालेंदर पासवान ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह से पहले पंचायत सरकार भवन परिसर में भगवान सत्यनारायण स्वामी की विधि–विधान से पूजा–अर्चना की गई। पूजा संपन्न होने के बाद उपस्थित सैकड़ों ग्रामीणों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूरे परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। उद्घाटन के मौके पर मुखिया प्रतिनिधि लालेंदर पासवान ने कहा कि पंचायत सरकार भवन शुरू होने से पंचायत के लोगों को अब छोटे–छोटे सरकारी कार्यों के लिए बार–बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अधिकांश पंचायत स्तरीय कार्य अब इसी भवन से संचालित होंगे, जिससे लोगों का समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि पंचायत सरकार भवन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे विभिन्न सरकारी सेवाएं और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता आएगी और आम लोगों को सुविधाजनक तरीके से सेवाएं मिल सकेंगी। ग्रामीणों ने भी पंचायत सरकार भवन के उद्घाटन पर खुशी जताते हुए कहा कि लंबे समय से इस भवन के शुरू होने का इंतजार था। अब पंचायत के लोगों को प्रमाण–पत्र, सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए अनावश्यक दौड़–भाग नहीं करनी पड़ेगी। उद्घाटन समारोह में मौके पर स्वार्थ पासवान, कविता देवी, सकलदीप,अमित,भूपेश, राजदीप, समेत पंचायत के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन को पंचायत के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसे ग्रामीणों के लिए लाभकारी पहल करार दिया।



# बिहारशरीफ के सीओ प्रभात रंजन को भावभीनी विदाई, कर्मचारियों ने दी शुभकामनाएं



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहारशरीफ के अंचल अधिकारी (सीओ) प्रभात रंजन के स्थानांतरण के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न विभागों के सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने प्रभात रंजन के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ किया। उनके व्यवहार और कार्यशैली की सभी ने प्रशंसा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति–चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी ने उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जहां भी कार्यरत रहेंगे, अपनी कार्यकुशलता से नई पहचान बनाएंगे।

# चंद रूपया घुस के खातिर आम जानता को वेवजह परेशान कर रहे है आधार सेंटर वाले




**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** सुशासन बाबू और नरेंद्र मोदी जी के सुशासन काल में आम जनता तराहिमाम हो रहे हैं!जरा सि भी आधार कार्ड में हरसिकार या दिरघीकार आधार में गलती हो जानें पर आधार कार्ड अपना हि गृह जिला में नही वनता है!आधार कार्ड वनानें बाला डाटा ऑपरेटर गलती तो करके निर्गत तो कर देतें हैं फिर सुद्धीकरण करने में आम लोगों को पसीना छुट जाता है!इतना हि नही आधार कार्ड ना तो बिहारशरीफ के आधार सेंटर टेलिफोन ऐक्सचेंज वनता है और न हि बिहारशरीफ के पोस्ट ऑफिस आधार सेंटर इत्यादि के स्थानों पर नही वनता है!सिधे आधार सेंटर वाले अपना पिंड छोड़ाने के खातिर कह देतें हैं कि ये इस जिला में नहीं होगा!आपको अपने गृह जिला छोडकर सिधे पटना शक्ति टावर अनिसावाद या ललित भवन पटना आम जानताओं को भेंज देते हैं!जव जानता लोग शक्ति टावर जातें तो घंटों दो घंटा वहां भी लाइन में लगा जाऐगा,तव शक्ति टावर सेंटर वाले वोलतें हैं कि आपको ललित भवन पटना जाना पड़ेगा और ललित भवन वाले आधार वनानें वाले अधिकारी वोलेतें हैं कि आपको शक्ति टावर अनिसावाद में वनेगा–और आम जानता नागरिक लोग बिहार राज्य के कोने कोने से आधार वनाने के लिए ईधर उधर भटतें रहते हैं!लेकिन आधार कार्ड सुद्धी करण तक नही हो रहा है! ईसलिए जिला प्रशासन अपने हि गृह जिला में आधार सुद्धीकरण या आधार कार्ड में और अपडेट सम्बंधी सुधार करने कि अनुमति कराने कि अनुमति निर्गत करेगें नही तो वाध्य होकर एनसिपीके जिलाध्यक्ष राज. कुमार पासवान–अंदोलन छेड़ेगी!







अपने क्षेत्र के खबर भेजने या
विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# रहूई प्रखंड क्षेत्र के पैठना, मई फरीदा, अम्बा देकपुरा और पतासंग पंचायत में 7 जुलाई को लगेगा विशेष सहयोग शिविर

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, रहूई (नालंदा)।** रहूई प्रखंड क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 जुलाई को विशेष सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। रहूई प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मराज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 जुलाई को प्रखंड की पैठना, मई फरीदा, अम्बा देकपुरा और पतासंग पंचायत में विशेष सहयोग शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा। उन्होंने बताया कि शिविर के सफल आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा शिविर स्थल का चयन कर लिया गया है तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। इस सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे, जहां आम लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ–साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन, जानकारी और आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान




पर उपलब्ध कराई जाएंगी।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपने–अपने पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में समय पर पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करें।

# हिलसा में अधेड़ की हत्या के बाद पीड़ित परिवार को दी गई सांत्वना

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट हिलसा (नालंदा)।** हिलसा पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के जमल्हारा थाना अंतर्गत शिवशंकरपुर गांव में एक शादी समारोह के दौरान गोली मारकर की गई सुरत पासवान की हत्या के मामले में शनिवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल पार बिघा गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को उचित सरकारी मुआवजा देने की मांग की। मृतक की पहचान शिवशंकर थाना क्षेत्र के पार बिघा गांव निवासी स्वर्गीय महावीर पासवान के 50 वर्षीय पुत्र सुरत पासवान के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की रात वे तिल्ह. ारा थाना क्षेत्र के शिवशंकरपुर गांव निवासी रामबाबू प्रसाद के पुत्र सुरेंद्र प्रसाद की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल होने गए थे।शादी समारोह में भोजन करने के बाद घर लौटने के दौरान अज्ञात अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। गोली उनके पेट में लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। बाद में पटना पीएमसीएच में इलाज के दौरान शुक्रवार को उनकी मृत्यु हो गई।शनिवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश महासचिव नंदलाल पासवान, असारी पंचायत के मुखिया परमेश्वर पासवान, विभू पासवान, सर्वन पासवान, रौशन पासवान एवं अभिषेक पासवान सहित कई जनप्र. तिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता पार बिघा गांव पहुंचे तथा शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।इस अवसर पर एनडीए घटक दल के माननीय मंत्री लखनदर पासवान जी एवं प्रदेश महासचिव नंदलाल पासवान ने कहा कि भीड़ का फायदा उठाकर सुनियोजित साजिश के तहत सुरत पासवान की हत्या की गई है। उन्होंने प्रशासन से दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की।. उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाज, पार्टी परिवार और एनडीए परिवार पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है तथा न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। साथ ही सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं सभी आवश्यक सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की गई।

# सोनू कुमार के हत्याकांड में संलिप्त मुख्य आरोपी मुकेश कुमार गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त बाईक भी बरामद, दो अभि भी रडार पर

## सोनू से था परिवारिक विवाद और आपसी दुश्मनी , हरनौत थाना के पुलिस और एसटीएफ के टीम रहे शामिल

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र में चर्चित सोनू कुमार की हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपित मुकेश कुमार को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस द्वारा इस मामले में पहले कई अन्य ला. ेगों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी, लेकिन घटना में उनकी संलिप्तता नहीं मिलने पर उन्हें छोड़ दिया गया था । मुकेश वेना थाना क्षेत्र के चौनपुर गांव के निवासी शंभु सिंह के पुत्र हैं जो वर्तमान में पटेल नगर में रहते थे। जबकि दो अन्य आरोपी अभि भी रडार पर है। SDPO–2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में STF के द्वारा लगातार छापेमारी, तकनीकी साक्ष्य, आसुचना संकलन एवं थानाध्यक्ष के संयुक्त कार्यवाई से घटना का उद्यभेदन किया गया है। पुलिस जांच के दौरान आरोपित ने बताया कि लोहे का रड, चाकू एवं बांस से घटना का अंजाम दिया गया था। आरोपित ने जांच के क्रम में बताया कि 5 वर्ष पूर्व से दोनों के बीच परिवारिक विवाद एवं आपसी दुश्मनी था, जिसके चलते एक दूसरे पर प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। घटना में प्रयुक्त एक बाईक भी बरामद किया गया है। स्थानीय लोगों और ग्रामीणों के अनुसार, मृतक सोनू का एक महिला के साथ करीब 10–12 वर्षों से संबंध था।दोनों अलग–अलग जाति से होने के बावजूद लंबे समय तक साथ रह रहे थे। मो. हल्ले के लोगों का दावा है कि मृतक सोनू ने महिला और उसके परिवार की आर्थिक रूप से




काफी मदद की थी।उन्होंने लाखों खर्च किए, महिला की बेटी की शादी कराने के अलावा जमीन खरीदने और मकान निर्माण में भी सहयोग किया था।हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।बताया जाता है कि करीब ढाई वर्ष पूर्व महिला की बेटी का शादी मुकेश से हो गया। इसके बाद सोनू और मुकेश के बीच तनाव बढ़ने लगा। सोनू का महिला के घर आना–जाना जारी रहने से मुकेश नाराज रहता था। करीब छः माह पूर्व दोनों के बीच मारपीट भी हुई थी, जिसके बाद दोनों पक्षों ने एक–दूसरे के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। इसी पुराने विवाद और रंजिश को हत्या का संभावित कारण माना जा रहा है।इसी दुश्मनी के चलते मुकेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर सोनू की हत्या की साजिश रची।हालांकि हत्या के पीछे की वास्तविक वजह और अन्य किसी व्यक्ति की भूमिका की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।छापेमारी में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा,ज्ध पटना के टीम आदि शामिल थे।

# बीपीआरओ ने पंचायत सचिव के साथ किया समीक्षा बैठक

## बराह,नेहुसा, पचौरा और चौरिया पंचायत में खोले जाएंगे आधार केंद्र

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड मुख्यालय स्थित बीपीआरओ कार्यालय में सोमवार को प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी उमेश कुमार ने पंचायत सचिव एवं लेखपाल के साथ साप्ता. हिक समीक्षा बैठक की। बीपीआरओ ने बताया कि बैठक में नेहुसा,कोलावां,सरथा,गोनावां एवं पोआरी पंचायत में सोलर स्ट्रीट लाइट को लेकर चर्चा हुई।इसके अलावा विभिन्न पंचायतों में स्थित पंचायत भवन पर कर्मियों को आरटीपीएस काउंटर पर कार्यालय अवधि में रहकर जाति–आय, आवासीय प्रमाणपत्र बनाने का निर्देश दिया गया।बराह,नेहुसा, पचौरा और चौरिया पंचायत में नये आधार केंद्र खोलने खोला जायेगा।इसके लिए वेंडर कि प्रकिया जारी है।इस आधार केंद्र पर नाम ,पत्ता,जन्मतिथि,लिंग मोबाइल नंबर,ईमेल आईडी, बायोमेट्रिक फोटो, फिंगर, आईरिस, पत्ताअपडेट ,नया आधार पंजीकरण आदि कार्य की सुविधा के मिलेगी। इसके साथ ही सात जुलाई को विभिन्न पांच पंचायत (सरथा, पचौरा, मुढारी, तेलमर और सोराडीह) में आयोजित सहयोग शिविर सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। मौके पर संतोष,नेहा, आनंद सहित अन्य मौजूद थे।

# हरनौत में मृतक सोनू कुमार के परिजनों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत ₹20 हजार का चेक

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ कक्ष में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने चेरन गांव निवासी दिवंगत सोनू कुमार की मां शांति देवी को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। प्रखंड नाजिर अनिल कुमार ने बताया कि 2 जुलाई की रात चेरन गांव निवासी कृष्णा प्रसाद के पुत्र सोनू कुमार पर अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इलाज के लिए उन्हें पटना स्थित पीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां 3 जुलाई को उनकी मौत हो गई।मृतक के परिजनों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस दौरान प्रखंड कार्यालय के कर्मी एवं अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# प्रखंड क्षेत्र के दलदलीचक गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच हुआ संपन्न

## थंडर फाल्कन की टीम ने हैवी हिटर टीम को 2 रन से हराकर खिताब किया अपने नाम

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के बराह पंचायत के दलदलीचक गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। जिसका फाइनल मैच बेहद उत्साह पूर्ण और शांति महल में संपन्न हो गया। फाइनल मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बराह पंचायत के वार्ड संख्या 2 के वार्ड सदस्य सह जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ सुजीत कुमार चंद्रवंशी के द्वारा विजेता टीम को बड़ा कप एवं ₹1200 एवं उपविजेता टीम को छोटा कप और ₹600 एवं सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। सुजीत कुमार चंद्रवंशी ने सोमवार को बताया कि फाइनल मैच थंडर फाल्कनस टीम और



हैवी हिटर टीम के बीच खेल गया। जिसमें थंडर फाल्कनस टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 41 रन बनाएं। लक्ष्य का पीछा करने उतरे हैवी हिटर टीम को मात्र दोरान से हर का सामना करना पड़ा। क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच बेहद रोमांच रहा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। वही मौके पर सत्येंद्र पासवान, शैलेश कुमार, लक्ष्मण कुमार, राजा, रोशन ,सोनू ,मोहन, सनी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# सरथा ,मुढ़ारी ,तेलमर ,पचौरा और सोराडिह पंचायत में आज लगेगा सहयोग शिविर




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** प्रखंड प्रशासन ने आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 7 जुलाई को विभिन्न 5 पंचायतों में विशेष सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा।इन शिविरों में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस पदा. धिकारी और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। मौके पर ही लोगों की शिकायतें सुनकर उनका समाधान किया जाएगा।जिला प्रशासन के अनुसार, ये सहयोग शिविर तीन चरणों में आयोजित होंगे।पहले चरण में सुबह 10 बजे से,दूसरे चरण में दोपहर 2 बजे से तथा तीसरे चरण में शाम चार से निर्धारित है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 7 जुलाई( प्रथम मंगलवार) को सोराडिह पंचायत के उच्च विद्यालय सोराडिह,तेलमर के मध्य विद्यालय तेलमर,पचौरा पंचायत के पंचायत सरकार भवन,सरथा पंचायत के सामूदायिक भवन सरथा एवं मुढ़ारी पंचायत के मध्य विद्यालय मुढ़ारी में शिविर लगेंगे। बीडीओ डॉ पंकज कुमार ने बताया कि प्रत्येक शिविर में आम नागरिकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, शीतल पेयजल और शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि लोगों को कोई असुविधा न हो।प्रशासन ने प्रखंड के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर अपनी पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखें और मौके पर समाधान का लाभ उठाएं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाना और उनकी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना है।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015